जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ / प्रशा0 / प्रवेश / 2022 / 4927 दिनांक 12/1/2022

// अधिसूचना //

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश सतपुडा भवन, भोपाल से प्राप्त पत्र कमांक 1467 / 363 / आउशि / शाखा–5 अ / 2021, भोपाल दिनांक 06.01.2022 के अनुसार म.प्र. में कोरोना की रोकथाम हेतु 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग को कोविड–19 डोज लगाया जाना प्रारंभ किया गया है जिसके सबंध में मंत्रालय द्वारा निर्देश प्राप्त हुए है एवं क्षेत्राधिकार में समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारियों ने वैक्सीन का प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवा लिया है अथवा नही तत्संबंधी जानकारी भी उपलब्ध करायें जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुये हैं। साथ ही विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के परिजनों को वैक्सीनेशन के प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवाने हेतु जागरूक किया जाना है।

अतः समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संदर्भ में शीध्र अतिशीध्र कार्यवाही कर ई–मेल – **Juadmsection@gmail.com** पर दिनांक 15.01.2022 तक भेजना सुनिश्चित करें ।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / शिक्षक / अधिकारी के सूचनार्थ।

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. श्री संजय नरतरिया इस आशय के साथ कि प्राप्त जानकारी को संकलित कर उक्त पत्र में संदर्भित बेवसाइट पर भेजना सुनिश्चित करें।
4. सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

उप / सहा.–कुलसचिव(प्रशा0)